अब प्रतिबंध के आदेश के बाद कंपनी किसी भी तरह के व्यापार सौदे को नहीं कर पाएगी। इसका मतलब है कि वायुसेना को अपने मौजूदा बेसिक ट्रेनर विमानों के पुर्जों और हिस्सों के लिए वैकल्पिक स्रोतों को ढूंढना होगा। इन पीसी 7 एमके1 विमानों पर वायुसेना अपने पायलटों को शुरुआती प्रशिक्षण देती है। वायुसेना के पास इस कंपनी के 75 विमान हैं।

सीबीआइ की एफआइआर के अनुसार, 2008-09 में संप्रग सरकार के दौरान वायुसेना 75 ट्रेनर विमान खरीदने का फैसला लिया गया था। इसके बाद स्विटजरलैंड की कंपनी पिलैटस ने संजय भंडारी की कंपनी आफसेट इंडिया के साथ इसमें मदद करने के लिए करार किया।

करार करने के साथ ही पिलैटस ने आफसेट इंडिया के दिल्ली स्थित स्टैनडर्ड चार्टर्ड बैंक के खाते में दो बार में सात करोड़ रुपए जमा करा दिए।

इसके बाद वायुसेना और पिलैटस के बीच 75 प्रशिक्षण विमान खरीदने पर करार हुआ। करार में पिलैटस ने जानबूझ कर संजय भंडारी की सेवाएं लेने की बात नहीं बताई जबकि करार में किसी दलाल की सेवा नहीं लेने का साफ प्रावधान था।

कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए मनमोहन हो सकते हैं पार्टी की सर्वमान्य पसंद

अजय पांडेय
नई दिल्ली, 16 जुलाई।

लोकसभा चुनाव में मिली हार के मद्देनजर कांग्रेस अध्यक्ष पद से राहुल गांधी के इस्तीफे के बाद पार्टी के नए अध्यक्ष के चयन के लिए वरिष्ठ नेताओं के बीच जारी लंबी मशक्कत के बाद पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के सर्वमान्य पसंद के रूप में उभरने के संकेत हैं। उनके कद और छवि तथा गांधी परिवार से उनके बेहतरीन ताल्लुकात के मद्देनजर उनको पार्टी अध्यक्ष पद की दौड़ में अब कांग्रेस की पहली पसंद करार दिया जा रहा है। इस पद की दौड़ में महाराष्ट्र से ताल्लुक रखने वाले पार्टी के दो अहम दलित चेहरों सुशील कुमार शिंदे के अलावा मुकुल वासनिक, मल्लिकार्जुन खरगे, ज्योतिरादित्य सिंधिया, सचिन पायलट आदि नेताओं के नाम भी चर्चा में हैं।

सुशील कुमार शिंदे, मुकुल वासनिक सहित कई नेताओं के नाम भी चर्चा में पर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. सिंह का नाम सबसे आगे

सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष पद से राहुल गांधी के इस्तीफे के बाद पार्टी के सामने सबसे बड़ा संकट यह है कि कुछ लोग एक नेता के पक्ष में हैं तो कुछ लोग उसके विरोध में। ऐसे में किसी एक नेता पर आम सहमति बनाना बेहद मुश्किल है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाना बड़ी बात नहीं है, लेकिन यह बैठक तभी होगी जब किसी एक नाम पर सहमति बन जाए और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. सिंह इस मामले में एक निर्विवाद छवि वाले नेता हैं। ऐसे में यदि उन्हें कांग्रेस अध्यक्ष बनाया जाता है तो यह पार्टी के लिए बेहतरीन फैसला साबित हो सकता है।

पूर्व प्रधानमंत्री की सहमति और उनकी सेहत को लेकर पूछने पर पार्टी सूत्रों ने कहा कि पार्टी की ऐसी कोई अहम बैठक नहीं हुई, जिसमें उन्होंने शिरकत नं की हो। हाल में कांग्रेस में अध्यक्ष पद के संकट को सुलझाने के लिए वरिष्ठ नेता डॉ.कर्ण सिंह ने भी उनसे आगे बढ़कर भूमिका निभाने की मांग की थी। यदि कांग्रेस पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. सिंह को अध्यक्ष पद के लिए चुनती है तो 15 साल पुराना इतिहास दोहराया जाएगा जब 2004 में सोनिया गांधी द्वारा प्रधानमंत्री बनने से इनकार करने के बाद जबरदस्त माथापच्ची के बाद अचानक डॉ. मनमोहन सिंह सबकी पसंद बनकर उभरे और 10 साल तक लगातार देश के प्रधानमंत्री रहे। कांग्रेस अध्यक्ष पद से राहुल गांधी के इस्तीफे के बाद एकबार फिर से पार्टी में पुराने हालात बने हुए हैं और इसके प्रबल आसार हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री एक बार फिर से कांग्रेस को संकट से उबारने के लिए सामने लाए जाएं।

कर्नाटक में पार्टी की गठबंधन सरकार पर छाए संकट को लेकर आगामी 18 जुलाई को फैसला हो जाने के बाद कभी भी पार्टी की कार्यसमिति की बैठक बुलाई जा सकती है। इस बैठक में अध्यक्ष पद से राहुल गांधी का इस्तीफा स्वीकर करने के बाद अध्यक्ष पद को लेकर फैसला किया जा सकता है।

रौनक ईपीसी इंटरनेशनल लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 20 कि.मी. मथुरा रोड, पो. ओ. अमर नगर, फरीदाबाद–121003 (हरियाणा)
दूरभाषः +91 (129) 4288888, **फैक्सः** +91 (129) 4288822-23
वेबसाइटः www.raunaqinternational.com, **ई–मेलः** info@raunaqintl.com
सीआईएनः L51909HR1965PLC034315

कम्पनी सूचना

सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) अधिनियम, 2015 ("एलओडीआर अधिनियम") के अधिनियम 47(1)(अ) के साथ पठित अधिनियम 29 के प्रावधानों के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि एलओडीआर अधिनियम के अधिनियम 33 के अनुसार कम्पनी के निदेशक मण्डल की बैठक सोमवार, 05 अगस्त, 2019 को 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के एकल एवं समेकित अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा स्वीकृति हेतु आयोजित की जाएगी।

कृते **रौनक ईपीसी इंटरनेशनल लिमिटेड**
हस्ता/–
स्थानः फरीदाबाद **सुखवीर**
तिथिः 16.07.2019 **कम्पनी सचिव**

भारत गीयर्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 20 कि.मी. मथुरा रोड, पो. ओ. अमर नगर, फरीदाबाद–121003 (हरियाणा)
दूरभाषः +91 (129) 4288888, **फैक्सः** +91 (129) 4288822-23, **वेबसाइटः** www.bharatgears.com
ई–मेलः info@bglindia.com, **सीआईएनः** L29130HR1971PLC034365

कम्पनी सूचना

सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) अधिनियम, 2015 ("एलओडीआर अधिनियम") के अधिनियम 47(1)(अ) के साथ पठित अधिनियम 29 के प्रावधानों के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि एलओडीआर अधिनियम के अधिनियम 33 के अनुसार कम्पनी के निदेशक मण्डल की बैठक मंगलवार, 06 अगस्त, 2019 को 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा स्वीकृति हेतु आयोजित की जाएगी।

कृते **भारत गीयर्स लिमिटेड**
हस्ता/–
स्थानः फरीदाबाद **प्रशांत खत्री**
तिथिः 16.07.2019 **प्रमुख (विधि) एवं कम्पनी सचिव**

ऋण वसूली अधिकरण–III, दिल्ली,
4था तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001 के समक्ष

ऋण वसूली अधिकरण (प्रक्रिया नियमावली) 1993 के नियम 12 एवं 13 के साथ पठित बैंक तथा वित्तीय संस्थानों के बकाया ऋणों की वसूली अधिनियम, 1993 की धारा 19(4) के अंतर्गत सूचना
ओ.ए.नं. 558/2018 के मामले में
इलाहाबाद बैंक बनाम **श्री विजय अरोड़ा एवं अन्य**
आवेदक **प्रतिवादीगण**

डी–1	श्री विजय अरोड़ा, पुत्र श्री राम सरूप अरोड़ा निवासीः बी–16, आशा पार्क, हरि नगर, नई दिल्ली–110018, साथ हीः 126, भू तल, कैपिटल मॉडल स्कूल के सामने, मुखर्जी पार्क, नई दिल्ली–110018
डी–2	श्रीमती समीक्षा अरोड़ा, पत्नी श्री विजय अरोड़ा, 126, भू तल, कैपिटल मॉडल स्कूल के सामने, मुखर्जी पार्क, नई दिल्ली–110018
डी–3	श्री संदीप कपूर, पुत्र श्री शक्ति कपूर, निवासीः 17ए, हिन्द नगर, तिलक नगर, नई दिल्ली–110018
डी–4	सुश्री सुनीता, पुत्र श्री जग्गनाथ लाल, निवासीः बी–16, प्रथम तल, आशा पार्क, हरि नगर, नई दिल्ली–110018
डी–5	श्री जग्गनाथ लाल, पुत्र राम चन्द, निवासीः बी–16, प्रथम तल, आशा पार्क, हरि नगर, नई दिल्ली–110018

जैसा कि ऊपर नामित आवेदक ने आपके विरुद्ध एक मामला शुरू किया है तथा जैसा कि इस अधिकरण की संतुष्टि के लिये यह साबित हो चुका है कि आपको सामान्य तरीके से सर्व करना संभव नहीं है। अतएव, विज्ञापन के माध्यम से इस सूचना के द्वारा आपको निर्देश दिया जाता है कि 3.8.2019 को 10.30 पूर्वा. में इस अधिकरण के समक्ष उपस्थित हों। ध्यान रहे कि उपरोक्त तिथि को इस अधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होने पर मामले की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में ही की जायेगी।
मेरे हाथ से तथा अधिकरण की मुहर लगाकर आज, 3.8.2019 को दी गई।

अधिकरण के आदेश से
सहायक रजिस्ट्रार
डीआरटी–III, नई दिल्ली

जाधव मामले में अंतरराष्ट्रीय अदालत का फैसला आज

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 16 जुलाई।

अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत (आइसीजे) भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव से जुड़े मामले में बुधवार को अपना फैसला सुनाएगी। आइसीजे ने इस महीने की शुरुआत में दिए बयान में कहा कि द हेग के 'पीस पैलेस' में 17 जुलाई को भारतीय समयानुसार शाम साढ़े छह बजे सार्वजनिक सुनवाई होगी, जिसमें प्रमुख न्यायाधीश अब्दुलकावी अहमद यूसुफ फैसला पढ़कर सुनाएंगे।

पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत द्वारा जाधव को 'दबाव वाले कबूलनामे' के आधार पर मौत की सजा सुनाए जाने को भारत ने आइसीजे में चुनौती दी है। भारत का कहना है कि वह नौसेना के रिटायर होने के बाद ईरान में अपना कारोबार कर रहे थे और उन्हें ईरान से अगवा कर पाकिस्तान ले जाया गया, जहां जासूसी के आरोप में गिरफ्तारी दिखाई गई। जबकि, पाकिस्तान का कहना है कि आतंकी कार्रवाई के इरादे से जाधव पाकिस्तान में दाखिल हुए थे। उनके पास से कई आपत्तिजनक दस्तावेज मिले।

पाकिस्तानी सैन्य अदालत ने अप्रैल 2017 में बंद कमरे में सुनवाई के बाद 'जासूसी और आतंकवाद' के आरोपों में भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी जाधव (49) को मौत की सजा सुनाई थी। उनकी सजा पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी।

पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैसल ने पिछले हफ्ते कहा था कि उनका देश जाधव मामले में आइसीजे के फैसले का 'पूर्वानुमान नहीं लगा' सकता। हालांकि उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने आइसीजे में इस मामले में अपना पक्ष जोरदार तरीके से रखा है।

भारत ने आइसीजे में तर्क दिया कि जाधव तक राजनयिक पहुंच देने से पाकिस्तान लारा बार बार इंकार वियना संधि के प्रावधानों का खुलेआम उल्लंघन था। यह तर्क देते हुए भारत ने आठ मई 2017 को आइसीजे का दरवाजा खटखटाया था। आइसीजे के दस सदस्यीय पीठ ने 18 मई 2017 को पाकिस्तान को जाधव की मौत की सजा पर अमल से रोक दिया था। आइसीजे में सुनवाई के दौरान, भारत और पाकिस्तान दोनों ने अपना अपना पक्ष रखा था और जवाब दिए थे। फरवरी 2018 में आइसीजे में चार दिन सुनवाई चली, जहां जाधव की मौत की सजा पर रोक लगाई गई।

भारतीय वायुसेना किसी भी तरह के युद्ध के लिए तैयार : धनोआ

नई दिल्ली, 16 जुलाई (भाषा)।

एअर चीफ मार्शल बीएस धनोआ ने मंगलवार को कहा कि भारतीय वायुसेना किसी भी तरह के युद्ध के लिए तैयार है, चाहे यह करगिल जैसा संघर्ष हो, या किसी आतंकी हमले का जवाब, या फिर पूर्ण युद्ध हो।

धनोआ ने 'ऑपरेशन सफेद सागर' के 20 वर्ष होने के अवसर पर एक सेमिनार को संबोधित करते हुए करगिल संघर्ष के दौरान वायुसेना द्वारा की गई कार्रवाई को याद किया। वह उस समय 17वीं स्क्वाड्रन के कमांडिंग अफसर थे। उन्होंने कहा कि यह पहली बार था जब मिग–21 लड़ाकू विमानों ने पर्वतीय क्षेत्र में रात के दौरान हवा से जमीन पर बमबारी की।

करगिल से पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन विजय' के तहत वायुसेना ने 'ऑपरेशन सफेद सागर' चलाया था। धनोआ ने 1999 में अभियान की सीमाओं व संघर्ष के दौरान मुश्किलों से निपटने के लिए वायुसेना द्वारा अपनाए गए नए तौर–तरीकों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि करगिल युद्ध के बाद हुए घटनाक्रमों ने वायुसेना की क्षमता को बदल दिया है जिससे वह किसी भी तरह के हवाई खतरे से निपट सकती है। वायुसेना प्रमुख ने कहा, 'भारतीय वायुसेना किसी भी तरह का युद्ध लड़ने को तैयार है, चाहे यह पूर्ण युद्ध हो, या करगिल जैसा संघर्ष हो, या फिर किसी आतंकी हमले का जवाब हो।'

नीरज शेखर भाजपा में शामिल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 16 जुलाई।

पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। नीरज शेखर ने भाजपा महासचिव भूपेंद्र यादव और अनिल जैन मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली। नीरज शेखर ने सोमवार को ही समाजवादी पार्टी और राज्यसभा से इस्तीफा दिया था ।

नीरज शेखर 2007 और 2009 में दो बार बलिया से सांसद रहे। इस सीट से उनके पिता चंद्रशेखर जीतते रहे थे। नीरज शेखर हालांकि 2014 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से हार गए थे। समाजवादी पार्टी ने उन्हें तब राज्यसभा में भेजा था। समझा जाता है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में शेखर बलिया से चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन पार्टी ने उन्हें 2019 में टिकट नहीं दिया था। इनकी जगह पर सनातन पांडेय को उम्मीदवार बनाया गया।

इस वजह से नीरज शेखर पार्टी से नाराज थे। भाजपा सूत्रों ने बताया कि पार्टी उन्हें उत्तर प्रदेश से राज्यसभा भेज सकती है। उन्होंने राज्यसभा सभापति एम वेंकैया नायडू को अपना इस्तीफा सौंपा था और इस्तीफे की वजह निजी कारण बताया था। इसे बाद से सपा की तरफ से भी कोई बयान अब तक सामने नहीं आया है।

रक्षा अध्ययन तथा विश्लेषण संस्थान (आईडीएसए)
1, डेवलपमेन्ट एन्क्लेव, राव तुला राम मार्ग
दिल्ली छावनी, नई दिल्ली–110010
वेबसाईटः www.idsa.in, टेलीः 011–261717983
उदघोषणा
विज्ञापन सं. आईडीएसए/233/2019

रक्षा अध्ययन तथा विश्लेषण संस्थान (आईडीएसए) की 52 वीं वार्षिक साधारण निकाय बैठक (एजीएम) 8 अगस्त, 2019 को 1130 बजे में आईडीएसए ऑडिटोरियम में आयोजित होगी। आजीवन सदस्यों तथा सदस्यों को व्यक्तिगत आमंत्रण मेल कर दिया गया है। फिर भी, यदि आजीवन सदस्यों तथा सदस्यों जिन्हें किसी भी कारण से वह प्राप्त नहीं हो, वे इसे सभा की सूचना के रूप में मानें।
कृपया ध्यान रहे कि केवल आजीवन सदस्य तथा सदस्यगण ही संस्थान की साधारण निकाय का गठन करते हैं।
किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण के लिये कृपया सम्पर्क करें।

क.ए.के. चुघ (रिटा.)
सहायक निदेशक
टेली.: 26717983, एक्स्टें. 7301,
फैक्सः 26154192 (डीजी)
26154191 (डीडीजी),
26146833 (एडी) (टेलीफैक्स)

davp/10113/11/0003/1920

मोहिन्द्रा फास्टनर्स लिमिटेड
CIN: L74899DL1995PLC064215
पंजी. कार्यालयः 304, गुप्ता आर्केड, इन्दर एन्क्लेव, दिल्ली– रोहतक रोड, नई दिल्ली–87
वेबसाईटः www.mohindra.asia, ई-मेलः cs@mohindra.asia,
फोनः +91–11–46200400, 46200401, **फैक्सः** +91–11–25282667

अंतिम सूचना
(कम्पनी के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानार्थ)

विषयः ऐसी इक्विटी शेयरों जिसके लिये लाभांश का दावा नहीं किया गया है, का निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण कोष (आईईपीएफ) प्राधिकरण में अंतरण)

यह सूचना निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण कोष प्राधिकरण (लेखा, ऑडिट, अंतरण तथा रिफंड) नियमावली 2016 (आईईपीएफ नियमावली) यथा–संशोधित ("नियमावली") के प्रावधानों के अनुपालन में प्रकाशित की जा रही है।

आईईपीएफ नियमावली में अन्य बातों के साथ ऐसे सभी शेयरों का निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण कोष ("आईईपीएफ") प्राधिकरण के नाम में अंतरण का प्रावधान है जिसके लिये सात लगातार वर्षों या अधिक से लाभांश का भुगतान अथवा दावा नहीं किया गया है।

नियमावली में निर्दिष्ट विभिन्न अपेक्षाओं का अनुसरण करते हुए कम्पनी ने अभी तक संबंधित नियत तिथियों को ऐसी सभी शेयरों को आईईपीएफ प्राधिकरण में अंतरित किया है जिसके संदर्भ में वित्त वर्ष 2010–11 अथवा पूर्व के लिये लगातार सात वर्षों या अधिक से लाभांश अप्रदत्त अथवा दावा–रहित रहा है। अब, ऐसे संबंधित शेयरधारकों जिनकी शेयरों का वित्त वर्ष 2011–12 के वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान आईईपीएफ प्राधिकरण में अंतरित करना नियत है, को आवश्यक कदम उठाने की सूचना देने के लिये उन्हें अपने पत्र तिथि 16.07.2019 के माध्यम से कम्पनी ने व्यक्तिगत रूप से सूचित कर दिया है।

ऐसे शेयरधारकों की अप्रदत्त/ दावा–रहित लाभांश राशि तथा उनके नाम, फोलियो नम्बर, डीपी आईडी– क्लाइन्ट आईडी तथा शेयरों की संख्या से शामिल आईईपीएफ प्राधिकरण में अंतरण के लिये नियत शेयरों के सम्पूर्ण विवरणों को कम्पनी ने अपनी वेबसाईट www.mohindra.asia पर अपलोड कर दिया है। शेयरधारकों से अनुरोध है कि आईईपीएफ प्राधिकरण में अंतरित की जाने वाली अनइन्कैश्ड लाभांशों तथा शेयरों के विवरणों की वेब–लिंक http://mohindra.asia/ mfl/ shares- Transfer- into-IEPF.html पर जांच कर लें।

शेयरधारक ध्यान रखें कि ऐसी शेयरों पर उपचयित होने वाले सभी लाभों, यदि कोई हो, सहित आईईपीएफ प्राधिकरण में अंतरित दावा–रहित लाभांश तथा शेयरों दोनों के लिये वे उक्त नियमावली के अंतर्गत निर्दिष्ट प्रक्रिया का अनुसरण कर आईईपीएफ प्राधिकरण से उसे वापस प्राप्त करने का दावा कर सकते हैं।

ऐसे संबंधित शेयरधारकों जिनकी शेयरों को आईईपीएफ प्राधिकरण में अंतरित किया जाना है यह ध्यान रखें कि यह कम्पनी शेयरधारकों को आगे कोई भी सूचना दिये बिना 21.10.2019 को या उसके बाद इस कोष में अंडरलाईंग शेयरों के अंतरण की कार्रवाई शुरू करेगी तथा कम्पनी की वेबसाईट पर अपलोड की गई विवरणों को अधोलिखित नियत प्रक्रिया का अनुसरण करने के संदर्भ में पर्याप्त सूचना माना जायेगाः
1) डीमैट पद्धति में धारित शेयरों के मामले में–संबंधित शेयरधारकों के डीपी'ज के माध्यम से कोष की डीमैट खाता में प्रत्यक्ष रूप से शेयरों के अंतरण द्वारा;
2) भौतिक पद्धित में धारित शेयरों के मामले में–मूल प्रमाणपत्र(त्रों) की जगह डुप्लिकेट नये शेयर प्रमाणपत्र जारी कर तथा उसके बाद डिपॉजिटरी द्वारा डीमैट में रुपांतरण द्वारा इस कोष में उसका अंतरण करना। शेयरधारकों के नामों में पंजीकृत तथा उनके द्वारा धारित मूल शेयर प्रमाणपत्र(त्रों) स्वतः निरस्त हो जाएंगे तथा उसे अविचारणीय माना जायेगा।

यदि 20.10.2019 तक कम्पनी को संबंधित शेयरधारकों से कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है तो नियमावली में निर्दित अपेक्षाओं का अनुपालन करने के उद्देश्य से कम्पनी नियमावली में वर्णित प्रक्रिया के अनुसार नियत तिथि तक कॉर्पोरेट कार्रवाई के द्वारा शेयरों को डीमैटेरियलाइज तथा आईईपीएफ प्राधिकरण में अंतरण करेगी।

इस दावा–रहित लाभांश राशि का दावा करने तथा आईईपीएफ में शेयरों को अंतरित होने से रोकने के लिये शेयरधारक 304, गुप्ता आर्केड, इन्दर एन्क्लेव, दिल्ली–रोहतक रोड, दिल्ली–110087, ईमेल आईडीः cs@mohindra.asia पर कम्पनी से सम्पर्क करें अथवा हमारे रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेन्ट (आरटीए): मै. स्काईलाइन फाइनांसियल सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड से डी–153/ए, 1ला तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज–1, नई दिल्ली–110020, भारत, ईमेल आईडीः info@skylinerta.com, फोनः +911–40450193 से 97 पर 20.10.2019 को या उससे पूर्व सम्पर्क करें। कम्पनी के नोडल अधिकारी का विवरण भी कम्पनी की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

मोहिन्द्रा फास्टनर्स लिमिटेड के लिये
हस्ता./–
स्थानः दिल्ली **निधि पाठक**
तिथिः 16 जुलाई, 2019 **कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**

BERVIN INVESTMENT & LEASING LTD.
CIN No.: L65993DL1990PLC039397, Regd. Office: 607, Rohit House,3, Tolstoy Marg New Delhi-110 001, Website: www.bervin.com, Email Id: secretary@bervin.com

NOTICE OF BOARD MEETING

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Monday, 12th August, 2019 to inter-alia consider and approve the Unaudited Financial Results of the Company for the Quarter ended 30th June, 2019.

Further, as per the provisions of the SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015 and Company's Code for Prevention of Insider Trading, the Trading Window for dealing in the securities of the Company will be closed from 1st July, 2019 and would re-open after 48 hours from the date of announcement/declaration of Un-audited Financial Results for the Quarter ended 30th June,2019.

The said notice can be accessed on the Company website at www.bervin.com as well as Stock Exchange website at www.bseindia.com.

For **Bervin Investment and Leasing Limited**
Sd/-
Date: 11.07.2019 **Kalpana Umakanth**
Place: New Delhi **Company Secretary**

ORIENT BELL LIMITED
Regd. Off.: 8, Industrial Area, Sikandrabad - 203 205 (U.P.)
Corp. Off.: Iris House, 16, Business Centre, Nangal Raya, New Delhi - 110 046
CIN : L14101UP1977PLC021546, Tel.: +91-11-47119100
Email: customercare@orientbell.com, Website: www.orientbell.com

NOTICE

NOTICE is hereby given that, pursuant to Regulation 47(1) of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Wednesday, the 24th day of July, 2019 at Sikandrabad, to interalia, consider and approve the Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30.06.2019.

Further, details of this notice are available on Website of the Company at www.orientbell.com and also on the Websites of BSE Limited (www.bseindia.com) and National Stock Exchange of India Limited (www.nseindia.com).

For Orient Bell Limited
Sd/-
Place : New Delhi orientbell tiles **Yogesh Mendiratta**
Date : 16.07.2019 **Company Secretary**

ऋण वसूली अधिकरण–III, दिल्ली के समक्ष
चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली–110001

ऋण वसूली अधिकरण (प्रक्रिया) नियमों 1993 के नियम 12 व 13 के साथ, पठित बैंक एवम् वित्तीय संस्थान अधिनियम 1993 के अनुसार देय ऋण की वसूली की धारा 19(4) के तहत सूचना।
ओ.ए. नं.335/2019/डीआरटी–III के मामले में
यूको बैंक .... आवेदक
बनाम
ब्रह्मपाल सिंह .... प्रतिवादी

सेवा में, (डी–1) ब्रह्मपाल सिंह, निवासी 911, 9वां तल, टॉवर–बी, हाईएंड पैराडाइज, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, उ0प्र0–201005
इसके अलावाः मैसर्स लोन सर्विसिज, एसई–29, जयपुरिया सनराईज ग्रीन्स, अहिंसा खण्ड–1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उ0प्र0–201011.

चूंकि ऊपर नामित आवेदक ने आपके खिलाफ एक मामला शुरू किया है और चूंकि, इस न्यायाधिकरण की संतुष्टि हेतु यह दर्शाया गया है कि आपको सामान्य ढंग से सूचना देना संभव नहीं है। अतः इस विज्ञापन के जरिये आपको निर्देश देते हुए यह सूचना दी जाती है कि आप 13.08.2019 को पूर्वा. 10:30 बजे इस न्यायाधिकरण में उपस्थित हों।
इस बात पर ध्यान दें कि ऊपर निर्धारित दिन पर इस न्यायाधिकरण के समक्ष आपके उपस्थित न होने की स्थिति में, इस मामले की सुनवाई व निर्णय आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जाएगा।
10 जुलाई, 2019 को मेरे हस्ताक्षर और इस अधिकरण की मोहर के तहत दिया गया। न्यायालय की मुहर **अधिकरण के आदेशानुसार,**
सहायक रजिस्ट्रार, डीआरटी–III, नई दिल्ली

PNR CAPITAL SERVICES LTD.
CIN: U74899DL1985PLC022553
Registered Office Address: R – 5, Green Park Market, New Delhi - 110016

PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given that the company has received intimation from the following shareholders that the share certificates pertaining to the equity shares, as per the details given below, are stated to have been lost/misplaced/stolen and the shareholders have applied for issue of duplicate share certificates:

S. no	Name	Folio no	Certificate no.	Distinctive no	Shares
1.	HARPARTAP SINGH	0000104	339	33801 – 34100 38701 - 38900	500
2.	SHREE RAM AGRAWAL (SHREE RAM ARYA)	0002755	3681	1817601 – 1817700	100

Public are hereby warned against purchasing or dealing in any way with the above share certificates. Any person(s) who has/have any claim in respect of the said certificates must lodge such claims with the Company at the address mentioned below within 15 days of the publication of the notice, after which no claims shall be entertained and the Company will proceed to consider issuing duplicate share certificates. Any person dealing with the above share certificates shall be doing solely at his /her risk as to costs and consequences and the company shall not be responsible for it in anyway.

Place: New Delhi
Date: - 16.07.2019 **Rajiv Kumar Relan**
Regd - Office: R-5, GREEN PARKMARKET **Managing Director**
NEW DELHI-110016 **DIN: 00038665**

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! **punjab national bank** ...the name you can BANK upon!

बीओः परिसम्पत्ति वसूली प्रबंध शाखा
मयूर विहार फेज–II, पॉकेट "ई" कामर्सियल शॉपिंग
कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली–110091
ईमेलः bo8075@pnb.co.in, फोन नं.: 011–22779758, 22785289

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मै. भूमिका इस्तापत उद्योग प्रा. लि. ने बैंक से ऋण सुविधाऐं प्राप्त की थी तथा उसके पुनर्भुगतान में चूक के कारण उनकी खाताओं को 31.08.2014 को एनपीए घोषित कर दिया गया है। बैंक द्वारा इन ऋणधारकों को 9.1.2018 को "जान–बूझकर चूककर्ता" घोषित कर दिया गया है। इन ऋणधारकों/ निदेशकों/गारन्टरों को 31.08.2014 को रु. 2250.36 लाख+एनपीए की तिथि से ब्याज तथा अन्य लागतों/धनों का बैंक को भुगतान करना है जिसके लिये बैंक ने उनके विरुद्ध वसूली कार्रवाई शुरू की है। जन हित में सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा जान–बूझकर चूककर्ता घोषित कर दिये जाने के बाद ऋणधारक किसी भी बैंक/वित्तीय संस्थान से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिये अधिकृत नहीं हैं।



श्री विमल सिंघल
निदेशक
एसबी–14, न्यू भारत नगर,
भिवानी, हरियाणा–124001



श्रीमती सोनिया मित्तल
निदेशक
157, 3 रा तल, हर्ष विहार,
पीतमपुरा, दिल्ली–34



श्री प्रदीप मित्तल
गारन्टर
157, 3 रा तल, हर्ष विहार,
पीतमपुरा, दिल्ली–34

खाता का नामः मै. भूमिका इस्पात उद्योग प्रा. लि., नं.–157, 3 रा तल, हर्ष विहार पीतमपुरा, नई दिल्ली–110034 बकाया राशिः 31.08.2014 को रु. 2250.36 लाख +31.8.2014 को एनपीए की तिथि से ब्याज।

तिथिः 15.07.19, **स्थानः** दिल्ली **शाखा इन्कम्बैन्ट**

unitech
यूनिटेक लिमिटेड
CIN:L74899DL1971PLC009720
पंजी. कार्यालय : बेस्मेन्ट, 6, कम्युनिटी सेन्टर, साकेत, नई दिल्ली–110017
टेली.:/फैक्सः 011–26857338; ईमेलः share.dept@unitechgroup.com
वेब : www.unitechgroup.com

सूचना

कम्पनी (प्रबंध तथा प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 22 तथा सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के लागू हाने वाले विनियमनों के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 110 के प्रावधानों के अनुपालन में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि पोस्टल बैलॅट सूचना तिथि 9 जुलाई, 2019 में विनिर्दिष्ट प्रस्ताव को पोस्टल बैलॅट/इलेक्ट्रानिक मतदान (ई–वोटिंग) द्वारा पारित किया जाने का प्रस्ताव है।

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि क) कम्पनी ने स्वीकृत पद्धति में पोस्टल बैलॅट प्रपत्रों तथा पूर्व–प्रदत्त डाक शुल्क युक्त स्व–पता लिखित जवाबी लिफाफे के साथ पोस्टल बैलॅट सूचना का प्रेषण 15 जुलाई, 2019 को पूरा कर लिया है; ख) सदस्यों को ई–वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिये कम्पनी ने नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लि. (एनएसडीएल) को नियुक्त किया है। मतदान अवधि (पोस्टल बैलॅट/ई–वोटिंग द्वारा) मंगलवार, 16 जुलाई, 2019 को 9.00 बजे पूर्वा. में शुरू होगी तथा बुधवार, 14 अगस्त, 2019 को 5.00 बजे अप. में बंद होगी; ग) जिन सदस्यों को पोस्टल बैलॅट प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ हो, वे डूप्लिकेट पोस्टल बैलॅट प्रपत्र के लिये कम्पनी के पास आवेदन करें अथवा उसे कम्पनी की वेबसाईट www.unitechgroup.com से अथवा एनएसडीएल की वेबसाईट www.evoting.nsdl.com से डाउनलोड करें; घ) यदि किसी सदस्य को पोस्टल बैलॅट प्रपत्र प्राप्त हुआ हो, लेकिन वे ई–वोटिंग सुविधा प्राप्त करने के इच्छुक हों, वे पोस्टल बैलॅट प्रपत्र पर दी गई यूजर नेम तथा पासवर्ड का उपयोग कर ऐसा कर सकते हैं। ड.) ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान करने के इच्छुक सदस्य बुधवार, 14 अगस्त, 2019 के 5.00 बजे अप. तक अपना मतदान कर सकते हैं; च) विधिवत पूर्ण एवं हस्ताक्षरित पोस्टल बैलॅट प्रपत्र बुधवार, 14 अगस्त, 2019 के 5.00 बजे अप. तक पर्यवेक्षक के पास पहुंच जाना चाहिए; छ) उक्त तिथि के बाद सदस्यों से प्राप्त कोई भी पोस्टल बैलॅट प्रपत्र वैध नहीं होगा तथा उक्त तिथि के बाद चाहे पोस्टल बैलॅट अथवा ई–वोटिंग द्वारा मतदान की अनुमति नहीं दी जायेगी; ज) मताधिकार की गणना कट–ऑफ तिथि अर्थात शुक्रवार, 5 जुलाई, 2019 को कम्पनी के सदस्य के नाम में दर्ज शेयरों के प्रदत्त मूल्य पर की जायेगी; झ) जो व्यक्ति कट–ऑफ तिथि को सदस्य नहीं हैं; वे इस सूचना को केवल जानकारी के उदेश्य से देखें; झ) कोई भी सदस्य डाक तथा ई–वोटिंग दोनों प्रक्रिया से मतदान नहीं कर सकते हैं तथा यदि कोई सदस दोनों पद्धति से मदतान करते हैं तो डाक द्वारा उनका मत अवैध माना जायेगा; ञ) पोस्टल बैलॅट सूचना कम्पनी की वेबसाईट www.unitechgroup.com, स्टॉक एक्सचैंजों अर्थात् बीएसई लिमिटेड की वेबसाई www.bseindia.com तथा नेशनल स्टॉक एक्सचैंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाईट www.nseindia.com के साथ ही साथ नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड की वेबसाईटः www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।

स्वच्छ तथा पारदर्शी प्रक्रिया में ई–वोटिंग तथा पोस्टल बैलॅट प्रक्रिया का संचालन करने के लिये श्री दीपक गुप्ता (सदस्यता सं. एफ5339/प्रैक्टिश प्रमाणपत्र सं. 4629, पार्टनर, डीआर एसोसिएट्स, कम्पनी सेक्रेट्रीज को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

ई–वोटिंग के निर्देशों के लिये सदस्यों से आग्रह है कि पोस्टल बैलॅट सूचना में दिये गये निर्देशों को देखें तथा ई–वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्नों/समस्याओं के लिये सदस्य www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड खंड में उपलब्ध सदस्यों के लिये "Frequently Asked Questions (FAQ's) तथा "ई–वोटिंग यूजर मैन्युअल" देखें अथवा टोल फ्री नं. 1800–222–990 पर कॉल करें अथवा सुश्री सोनी सिंह, सहा. प्रबंधक, फोनः 022–24994559, ईमेलः evoting.nsdl.com अथवा श्री ऋषि देव, कम्पनी सचिव, ई–मेल आईडीः share.dept@unitechgroup.com, टेलीफोन नं.: 0124–4726860 से सम्पर्क करें।

पोस्टल बैलॅट परिणाम की घोषणा 16 अगस्त, 2019 को या उससे पूर्व की जायेगी। इन परिणामों को कम्पनी की पंजीकृत कार्यालय तथा कॉर्पोरेट कार्यालय में प्रदर्शित किया जायेगा तथा स्टाक एक्सचैंजों (बीएसई एवं एनएसई) को सूचना दी जायेगी। पर्यवेक्षक के रिपोर्ट के साथ उक्त परिणामों को कम्पनी की वेबसाईट www.unitechgroup.com के साथ ही साथ नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड की वेबसाईट www.evoting.nsdl.com पर भी प्रदर्शित किया जायेगा।

यूनीटेक लिमिटेड के लिये
स्थानः गुरुग्राम **रमेश चन्द्रा**
तिथिः 16.07.2019 कार्यकारी अध्यक्ष